राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 08 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा प्रदेश संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम कल दिनांक 9 मई, 2022 को प्रात: 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर संगठन चुनाव हेतु नियुक्त डीआरओ एवं जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षों की बैठक लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस संगठन चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में होने वाले संगठन चुनावों की तैयारियों की समीक्षा हेतु कल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सभी जिलों के डीआरओ एवं जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षों की बैठक आहूत की गई है। बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं प्रदेश संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम संगठन चुनाव हेतु सभी जिलों में नियुक्त डीआरओ से संवाद कर चुनाव प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यगण को संगठन चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter